कार्यालय छावनी परिषद दगशाई/Office of the Cantonment Board Dagshai
रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार/Ministry of Defence ,Govt. Of India
Office of the Cantonment Board Dagshai, Solan, HP-173210
Email-id: ceodags[hypen]stats[at]nic[dot]in
Website: dagshai.cantt.gov.in, Phone: 01792-266152

रक्षा सम्पदा संगठन
DEFENCE ESTATES ORGANIZATION

No. CBD/59/4/Stall/Store/-528

Dated: 19th June, 2026

सार्वजनिक सूचना

विषय: छावनी बोर्ड द्वारा सार्वजनिक बाजारों में दुकानों के आरक्षण संबंधी प्रारूप नियम, 2026 के संबंध में।

सर्वसाधारण एवं सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा "छावनी बोर्ड द्वारा सार्वजनिक बाजारों में दुकानों के आरक्षण संबंधी प्रारूप नियम, 2026" के प्रारूप (Draft Rules) को राजपत्र अधिसूचना एस.आर.ओ .9 (ई) दिनांक 10.06.2026 के माध्यम से प्रकाशित किया गया है, ताकि इससे प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप नियमों पर भारत सरकार द्वारा उस तिथि से 30 दिनों की अवधि समाप्त होने के पश्चात विचार किया जाएगा, जिस तिथि को उक्त अधिसूचना प्रकाशित राजपत्र की प्रतियां आम जनता के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा निर्धारित अवधि की समाप्ति से पूर्व प्रस्तुत की गई आपत्तियों अथवा सुझावों पर भारत सरकार द्वारा विचार किया जाएगा। यह भी अधिसूचित किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो वह उसे निदेशक (Q&C), रक्षा मंत्रालय, सेना भवन, नई दिल्ली – 110011 को संबोधित कर सकता है।

यह सार्वजनिक सूचना उन सभी व्यक्तियों की जानकारी हेतु प्रकाशित की जा रही है जो उक्त प्रारूप नियमों से प्रभावित हो सकते हैं, ताकि वे इन नियमों पर विचार कर निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव, यदि कोई हों, प्रस्तुत कर सकें।

उक्त सार्वजनिक सूचना तथा प्रारूप नियम छावनी बोर्ड दगशाई की आधिकारिक वेबसाइट www.dagshai.cantt.gov.in पर उपलब्ध हैं।

सुमन सौरभ

मुख्य अधिशासी अधिकारी, दगशाई
(सुमन सौरभ)

प्रतिलिपि:

1. कंप्यूटर प्रोग्रामर, छावनी बोर्ड दगशाई – वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. छावनी बोर्ड दगशाई के सभी सूचना पट्टों पर प्रदर्शित करने हेतु।